प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.12.2022

# महोबा पुलिस


मीडिया सेल, महोबा


## पुलिस अधीक्षक महोबा के नेतृत्व / निर्देशन पर प्रतिदिन की भांति जनपदीय पुलिस के समस्त कार्यालयों/थानों में जनसुनवाई का आयोजन कर जनसामान्य की समस्याओं को किया गया निस्तारित-

आज दिनांक 02.12.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की गई, इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय व क्षेत्राधिकारी कार्यालय हर्षिता गंगवार मौजूद रहे।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस के सभी कार्यालयों/थानों में सम्बन्धित प्रभारी द्वारा प्रतिदिन की भांति जनसुनवाई का आयोजन किया गया, इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया व प्राप्त शिकायतों का शीघ्र/गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया।



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.12.2022
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन महोबा का किया गया निरीक्षण, पुलिस कर्मियों के साथ की ड्रिल, दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-

आज दिनांक 02.12.2022 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया गया, परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी / कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया व पुलिस कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं भी ड्रिल की गयी।

निरीक्षण व ड्रिल के उपरान्त परिवहन शाखा, पीआरवी वाहनों की यथास्थिति व उसमें रखे हुये दंगा नियन्त्रण उपकरणों,फायर सेफ्टी किट व प्राथमिक उपचार किट को चेक किया गया तथा भोजनालय इत्यादि का निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता व सम्बन्धित अभिलेखों को चेक किया गया।

पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस लाइन अवस्थित निर्माणधीन बिल्डिंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन सुश्री हर्षिता गंगवार, प्रतिसार निरीक्षक श्री सैन्यजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, सम्बन्धित को न्यायालय सुरक्षा के सम्बन्ध में दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 02.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम द्वारा न्यायालय परिसर महोबा का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, इस दौरान न्यायालय की सुरक्षा में लगे सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी व मौके पर मौजूदगी की तस्दीक की गयी, साथ ही प्रभारी न्यायालय सुरक्षा की उपस्थिति में सम्पूर्ण न्यायालय परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों को देखा गया जहां मुख्य गेटों पर लगे डीएफएमडी यानी डोर फ्रेम मेटर डिटेक्टर व अन्य अत्याधुनिक उपकरणों को चेक किया गया तथा संदिग्धों की लगातार चेकिंग करने तथा अनावश्यक रुप से किसी को प्रवेश न देने, न्यायालय परिसर के अन्दर व्यक्तियों को इकट्ठा होकर जमावडा न बनाने देने, किसी भी रुप में अनावश्यक वाहनों को प्रवेश न दिया जाये, प्रत्येक व्यक्ति को नियमानुसार चेकिंग के उपरान्थ ही प्रवेश दिया जाये आदि आवश्यक निर्देश प्रभारी न्यायालय सुरक्षा को दिये।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा न्यायालय परिसर की सुरक्षा में लगे पीएसी बल को भी चेक किया गया तथा सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिये गये तत्पश्चात उनके रहन-सहन सम्बन्धी अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुये सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये।






प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा,सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 02.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम द्वारा थाना कोतवाली महोबा क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

ध्यातव्य है कि पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर जनपदीय पुलिस बल द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत पडने वाली बैंको में निरन्तर जाकर संदिग्धों व असामाजिक तत्वों की चेकिंग तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है।






प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 02.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खन्ना का किया गया अर्द्ववार्षिक निरीक्षण, कानून-व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में दिये आवश्यक निर्देश –

आज दिनांक 02.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्री आर0 के0 गौतम द्वारा थाना खन्ना का अर्द्ववार्षिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्पडेस्क, अपराध रजिस्टर, बीट सूचना रजिस्टर, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया, रजिस्टरों को अद्यावधिक रखने हेतु व पाई गई कमियों को दुरुस्त करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तत्पश्चात बन्दी गृह, मालखाना, शस्त्रागार इत्यादि का निरीक्षण किया गया व मिशन शक्ति योजना के क्रम में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण करते हुए रिकार्ड रजिस्टर व प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

तत्पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा लावारिस वाहनों एवं मालों का विधिक निस्तारण सुनिश्चिचत करने व थाने की साफ-सफाई उच्चकोटि की बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना खन्ना में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा की गयी व सम्बन्धित को निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर थाना प्रभारी थानाध्यक्ष श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित थाना खन्ना में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





## थाना अजनर पुलिस टीम ने वांछित/वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा चलाये जा रहे वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में थाना अजनर प्रभारी निरीक्षक श्री शिवआसरे द्वारा गठित संयुक्त टीम उ0नि0 श्यामजी द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 207/2022 धारा 452/308/323/504/506 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त रघुवीर पुत्र प्रभु यादव उम्र करीब 48 वर्ष को ग्राम मझगवाँखुर्द से गिरफ्तार किया गया

इसी क्रम में उ.नि. सुखलाल द्वारा माननीय न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय महोबा द्वारा निर्गत वारण्ट मु0नं0 3857/2021 धारा 60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित वारण्टी नीरेन्द्र पुत्र धरम राजपूत को ग्राम नगाराडाँग से गिरफ्तार किया गया बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

1.रघुवीर पुत्र प्रभु यादव उम्र करीब 48 वर्ष निवासी मझगवाँखुर्द थाना अजनर महोबा।
2.नीरेन्द्र पुत्र धरम राजपूत निवासी ग्राम नगाराडांग थाना अजनर जनपद महोबा।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्यामजी यादव
2.उ0नि0 सुखलाल
3.कां0 अमन यादव
4.कां0 भरत मौर्य






प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 02.12.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पैदल गस्त कर आम-जनमानस को दिलाया गया सुरक्षा का भरोसा ।

आज दिनांक **02.12.2022** को पुलिस अधीक्षक महोबा सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में कानून एंव शांति व्यवस्था के दृष्टिगत आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा अफवाहों पर ध्यान न देने हेतु की गयी अपील।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी पैदल गस्त की गयी। स्थानीय लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखनें,अराजकता फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की गयी तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में तथा सभी थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के मुख्य बाजार, धार्मिक-स्थल, बस-स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन ढाबा आदि जगहों पर पैदल गस्त करते हुए यातायात नियमों को उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए वाहनों के चालान व सीज करने की कार्यवाही की गई।

इसी क्रम में जनपदीय पुलिस द्वारा शराब की दुकानों का निरीक्षण किया गया एवं सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

यातायात नियमों के उल्लंघन करने पर 85 वाहनो के ई-चालान किये गये।









महोबा पुलिस